SHRI HARCHANDAN SINGH BHATTI

Shri Harchandan Singh Bhatti is a renowned painter and art designer.

2. Born on 20th April, 1959 in Dehradun, Shri Bhatti is a graduate in painting from Government Fine Arts College, Indore in Madhya Pradesh. After completing the studies, he was among the chosen ones by the visionary painter Jagdish Swaminathan when he was establishing one of its kind Multi Arts Centre Bharat Bhawan Bhopal, which is known for its diverse cultural activities and contribution in field of tribal and contemporary arts on a parallel platforms along with music drama and literature. During the making of Bharat bhawan and under the guidance of eminent painter J. Swaminathan, he got the opportunity to see, understand and document the tribal communities of Madhya Pradesh closely which later worked as the base of his thinking process to carry forward the legacy of his Guru.

3. Shri Bhatti is the chief designer of the Madhya Pradesh Tribal Museum, which is known for its exceptional display and works by tribal communities of Madhya Pradesh. It was his vision that all the aspects of art culture living traditions, devotional practices etc. of tribal communities should be showcased in very contemporary manner and not in a showcase. He has designed the museum as a living tradition of tribal communities that has broken all the parameters of any conventional museum and turned the space into art site. The grand vision and display here has left museologists around the nation amazed and forced them to think about making the museums more interactive for the coming generations. Department of Culture has assigned him to make several such museums and research centers around the state. From past three decades, he is also involved in designing national and international exhibitions, stages for state cultural events also. He has more than 40 years of experience in the field of painting and design .

4. Shri Bhatti is a visionary of creating works in a massive scale. He is probably one of its kind of an artist who re-enacts the cultural and traditional art forms with modernity. During the Simhasth 2016 with initiation of Culture Department of Madhya Pradesh, he has again created one of its kind museum TRIVENI *based on the Shaiv, Shakt and Vaishnav traditions* where traditional art forms of India meets in a modern form. It's a perfect blend of tradition spiritualism meeting modernity. Being the chief art designer of Madhya Pradesh Tribal Museum, he is responsible for breaking the concept of conventional museum. He has forced museologists around the country and also the world to rethink how the modern day museums should be like. He can be seen as pioneer who has given a path to make the museum more interactive for the visitors and to give them more understanding of the displays there.

5. Shri Bhatti has an unforgettable contribution in developing a whole new dimension of grandeur in the field of art and design for several art events , exhibitions of national and international levels. He has been designing stages for prestigious khajuraho international dance festival, Tansen Samaroh, Mahabodhi Samaroh and lok-rang festivals along with Madhya Pradesh Divas organized by Govt. of Madhya Pradesh.

6. Shri Bhatti has been awarded many awards and fellowships by government and several private institutions such as Shankar International Exhibition award for four consecutive years, Award at Camlin National Art Competition alongwith National Kalidas Exhibition award Ujjain, Madhya Pradesh Raza Award Bhopal, Madhya Pradesh State award for three years, Award at Chandigarh drawing exhibition, recipient of prestigious Amrita Shergil Fellowship, Junior Fellowship by Department of Culture, Government of India. He is also a recipient of prestigious National Kalidas Samman by Government of Madhya Pradesh for the year 2016 and prestigious Madhya Pradesh Gaurav Samman, Bhopal for the year 2017.

श्री हरचन्दन सिंह भट्टी

श्री हरचन्दन सिंह भट्टी एक प्रसिद्ध चित्रकार और कला डिजाइनर हैं।

2. 20 अप्रैल, 1959 को देहरादून में जन्मे, श्री भट्टी ने राजकीय ललित कला महाविद्यालय, इंदौर, मध्य प्रदेश से चित्रकला में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह दूरदर्शी चित्रकार जगदीश स्वामीनाथन द्वारा चुने गए लोगों में से एक थे, जब वह अपनी तरह के एक बहु–कला केंद्र भारत भवन की स्थापना कर रहे थे, जिसे संगीत नाटक और साहित्य के साथ–साथ समानांतर मंचों पर अपनी विविध सांस्कृतिक गतिविधियों और आदिवासी और समकालीन कला के क्षेत्र में योगदान के लिए जाना जाता है। भारत भवन के निर्माण के दौरान और प्रख्यात चित्रकार जे. स्वामीनाथन के मार्गदर्शन में उन्हें मध्य प्रदेश के आदिवासी समुदायों को करीब से देखने, समझने और उनका वृतचित्र निर्माण का अवसर मिला, जिसने बाद में उनके गुरु की विरासत को आगे बढ़ाने की उनकी चिंतन प्रक्रिया के आधार के रूप में काम किया।

3. श्री भट्टी मध्य प्रदेश जनजातीय संग्रहालय के मुख्य डिजाइनर हैं, जिसे मध्य प्रदेश के आदिवासी समुदायों द्वारा असाधारण प्रदर्शन और कार्यों के लिए जाना जाता है। उनका यह सपना था कि आदिवासी समुदायों की कला संस्कृति, जीवंत परंपराओं, भक्ति प्रथाओं आदि के सभी पहलुओं को दिखावटी तौर पर नहीं बल्कि बहुत ही समकालीन तरीके से प्रदर्शित किया जाना चाहिए। उन्होंने संग्रहालय को आदिवासी समुदायों की जीवंत परंपरा के रूप में डिजाइन किया है, जिसने पारंपरिक संग्रहालय के सभी मापदंडों को तोड़ दिया है और इस स्थान को कला स्थल में बदल दिया है। यहां की भव्य दृष्टि और प्रदर्शन ने देश भर के संग्रहालयविदों को चकित कर दिया है और उन्हें आने वाली पीढ़ियों के लिए संग्रहालयों को और अधिक इंटरैक्टिव बनाने के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया है। संस्कृति विभाग ने उन्हें राज्य भर में ऐसे कई संग्रहालय और शोध केंद्र बनाने का काम सौंपा है। पिछले तीन दशकों से, वह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों, राज्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंचों को डिजाइन करने में भी शामिल हैं। उन्हें चित्रकला और डिजाइन के क्षेत्र में 40 से अधिक वर्षों का अनुभव है।

4. श्री भट्टी बड़े पैमाने पर कार्य करने के दूरदर्शी हैं। वह शायद अपनी तरह के एक ऐसे कलाकार हैं जो सांस्कृतिक और पारंपरिक कला रूपों को आधुनिकता के साथ फिर से पेश करते हैं। संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश के सहयोग से सिंहस्थ 2016 के दौरान, उन्होंने शैव, शाक्त और वैष्णव परंपराओं पर आधारित अपनी तरह का एक अनूठा संग्रहालय त्रिवेणी बनाया है, जहां भारत की पारंपरिक कलाएं आधुनिक रूप में मिलती हैं। यह पारंपरिक आध्यात्म और आधुनिकता का एक बेहतरीन संगम है। मध्य प्रदेश जनजातीय संग्रहालय के मुख्य कला डिजाइनर होने के नाते उन्होंने पारंपरिक संग्रहालय की अवधारणा को तोड़ने का काम किया है। उन्होंने देश और दुनिया भर के संग्रहालयविदों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आधुनिक समय के संग्रहालय कैसे होने चाहिए। उन्हें एक ऐसे अग्रदूत के रूप में देखा जा सकता है, जिन्होंने आगंतुकों के लिए संग्रहालय को अधिक इंटरैक्टिव बनाने और वहां प्रदर्शित वस्तुओं को अधिक समझने का मार्ग दिखाया।

5. श्री भट्टी ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कई कला आयोजनों, प्रदर्शनियों के लिए कला और डिजाइन के क्षेत्र में भव्यता के एक नए आयाम को विकसित करने में अविस्मरणीय योगदान दिया है। वह मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव, तानसेन, महाबोधि और लोक–रंग महोत्सवों के साथ–साथ मध्य प्रदेश दिवस के लिए मंच डिजाइन करते रहे हैं।

6. श्री भट्टी को सरकार और कई निजी संस्थानों द्वारा कई पुरस्कार और फेलोशिप से सम्मानित किया गया है जैसे कि शंकर इंटरनेशनल एक्जीबिशन अवार्ड लगातार चार वर्षों के लिए, कैमलिन नेशनल आर्ट प्रतियोगिता में पुरस्कार के साथ–साथ राष्ट्रीय कालिदास एक्जीबिशन अवार्ड उज्जैन, मध्य प्रदेश रजा अवार्ड भोपाल, मध्य प्रदेश स्टेट अवार्ड फॉर थ्री इयर, चंडीगढ़ ड्राइंग एक्जीबिशन में पुरस्कार, प्रतिष्ठित अमृता शेरगिल फेलोशिप के प्राप्तकर्ता, संस्कृति विभाग, भारत सरकार द्वारा जूनियर फेलोशिप। वह वर्ष 2016 के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कालिदास सम्मान और वर्ष 2017 के लिए प्रतिष्ठित मध्य प्रदेश गौरव सम्मान भोपाल के प्राप्तकर्ता भी हैं।